PART - I

Paper Code

**P-4**

405043



**ATE PLEASE READ CAREFULLY**

परीक्षार्थी कृप

nswer Scri

even in the

rds, numbe

xamination

r which the

कहीं पर भी प

XYZ, ABC,

क, आदि भी न

जाकर भविष्य

**T INSTRU**

nswer Book

प्रश्नोत्तर पुस्

or not printe

itor and cha

अमुद्रित है

र्थी का होगा।

on Cover S

educt 5 mar

कवर पृष्ठ पर

आयोग द्वारा प्र

in which so

ver Sheet is

सूचनाएँ पूर्व

क्षतिग्रस्त नहीं

ent units an

तत है। प्रत्येक

either of p

eated as sta

रण या तथ्यात

lish, not in

ndi or Englis

में दीजिये,

अलग से हिं

s only in th

the border

किसी भी प्रश्न

हर लिखे ग

wers beyon

अधिक नहीं

tion out of

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 50 | 30.5 |
| Unit-I-B | 50 | 23 |
| Unit-I-C | 20 | 11 |
| Unit-II-A-A | 10 | 8 |
| Unit-II-A-B | 2 | 2 |
| Unit-II-A-C | 1 | 0 |
| Unit-II-A-D | 2 | 1 |
| Unit-II-A-E | 2 | 2 |
| Unit-II-A-F | 2 | 1 |
| Unit-II-B-A | 10 | 5 |
| Unit-II-B-B | 10 | 6.75 |
| Unit-II-B-C | 10 | 2.5 |
| Unit-II-C | 30 | 13.5 |
| Unitt-II-A-C | 1 | 0 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 106.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | One Hundred and Six+ ¼ |

विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
ा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

ndidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
h shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

D
N
ar
ac
th
प्र
लि
अ
मा
ज

(
(
(
(
(
(
(
(
(
(

वि
अ
का
**Sp**
If
ide

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वांइट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेज़ी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोटः**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

a, e, i, o, u

yellow — येलो

9x7 = 63

प्रतिलिपि

लिपि

# PAPER – IV
## GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

**Unit – I** (120 Marks)
(यूनिट – I) (120 अंक)
सामान्य हिन्दी

**Part – A** Marks : 50
भाग – अ अंक : 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
(i) देवी + अवतरण = (ii) क्षीर + ओदन =
(iii) नि + स्नात = (iv) दिक् + गज =

(i) देव्यवतरण
(ii) क्षीरोदन
(iii) निष्नात
(iv) दिग्गज

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-1)

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए –
(i) विक्रमाब्द = (ii) हृषीकेश =
(iii) प्रमाण = (iv) कोणार्क =

(i) विक्रम + अब्द
(ii)
(iii) प्र + मान
(iv) कोण + अर्क

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-2)

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –

(i) तत् + मय = (ii) मातृ + आज्ञा =

(iii) प्रति + छाया = (iv) शरत् + ज्योत्स्ना =

(i) तन्मय

(ii) मात्राज्ञा

(iii) प्रतिच्छाया

(iv) शरज्ज्योत्स्ना

2(Two)
(Q.Unit-I-A-3)

4. निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो–दो शब्द बनाइए –

(i) औ =

(ii) अधि =

(i) औगुण, औसर, औरस

(ii) अधिनायक, अधिगम

2(Two)
(Q.Unit-I-A-4)

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग पृथक् कीजिए –

(i) अभिज्ञ = (ii) पर्याय =

(iii) प्रतीक्षा = (iv) अत्यल्प =

(i) अभि

(ii) परि

(iii) प्रति

(iv) अति

2(Two)
(Q.Unit-I-A-5)

6. निम्नांकित प्रत्ययों का संयोग करते हुए दो–दो शब्द बनाइए –
(i) इल =
(ii) हार =

(i) कालिल, जालिल
(ii) पालनहार, तारनहार

1(One)
(Q.Unit-I-A-6)

7. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक् कीजिए –
(i) श्रद्धालु =
(ii) कनौती =

| | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| (i) | श्रद्धा | आलु |
| (ii) | कान | औती |

2(Two)
(Q.Unit-I-A-7)

8. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) पक्षी =
(ii) स्वर्ण =

(i) खग, नभचर
(ii) सोना, कनक, हिरण्य

2(Two)
(Q.Unit-I-A-8)

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) सखी =
(ii) उन्नति =

(i) सहेली, सहचरी, साथिन
(ii) प्रगती, तरक्की

2(Two)
(Q.Unit-I-A-9)

10. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) दण्ड =
(ii) ऋत =
(iii) समास =
(iv) ग्राह्य =

(i) पुरस्कार
(ii) अनृत
(iii) व्यास
(iv) त्याज्य

2(Two)
(Q.Unit-I-A-10)

11. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) विधिसम्मत =
(ii) तिरस्कार =
(iii) संश्लेषण =
(iv) अनिर्वचनीय =

(i) विधिविरुद्ध, निषेध
(ii) आदर, सत्कार
(iii) विश्लेषण
(iv) निर्वचनीय

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-11)

12

13

14

12. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) षष्टि–षष्ठी =  (ii) तर्क–तक्र =

(i) षष्टि – साठ (60) की संख्या
षष्ठी – छठी

(ii) तर्क – कारण, बहस
तक्र – छाछ, मट्ठा

1(One)
(Q.Unit-I-A-12)

13. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) क्षति–क्षिति =  (ii) आभरण–आमरण =

(i) क्षति – हानि
क्षिति – धरती

(ii) आभरण – आभूषण
आमरण – मृत्युपर्यंत

1(One)
(Q.Unit-I-A-13)

14. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) जो व्यक्ति बहुत बोलता हो
(ii) विरोध न होने पर भी विरोध दिखाई पड़ना

(i) वाचाल

(ii)

1(One)
(Q.Unit-I-A-14)

15. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) धरती का वह भाग जिस पर कुछ भी उत्पन्न नहीं होता
(ii) अपने प्रति किए गए उपकार को न मानने वाला

(i) बंजर, ऊसर
(ii) कृतघ्न

2(Two)
(Q.Unit-I-A-15)

16. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) प्रज्जवलित = (ii) गणमान =
(iii) भत्स्र्ना = (iv) नुपूर =

(i) प्रज्जवलित
(ii) गण्य मान्य
(iii) भर्त्स्ना
(iv) नूपुर

गणमान्य
गण्यमान्य
भर्त्सना

1(One)
(Q.Unit-I-A-16)

17. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) चन्द्रमोली = (ii) संग्रहित =
(iii) सुश्रूषा = (iv) पशचाताप =

(i) ~~चन्द्रमौली~~ चन्द्रमौलि
(ii) संगृहीत
(iii) सुश्रुषा
(iv) पश्चाताप

1(One)
(Q.Unit-I-A-17)

18. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को बाँट दिया।

(i) बसन्त में फूलों को खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को दान दे दिया।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-18)

19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वह अपना भाग्य कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था तब घटी थी।

(i) वह अपने भाग्य को कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना तब घटी थी जब कोरोना का प्रभाव चौं चारों ओर था।

1(One)
(Q.Unit-I-A-19)

20. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) खेला खाया होना (ii) घर सिर पर उठाना

(i) वह अनुभवी आदमी ~~के~~ है उसने वह इस प्रकार के खेला खाया हो चुका है।
(ii) बालक ने चॉकलेट न देने पर रो-रो कर घर सिर पर उठा दिया।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-20)

21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) बारह बाट होना (ii) धूल उड़ाना

(i) सभी भाइयों में जोर का झगड़ा हुआ और बारह बाट हो गए।

(ii) नकल करते पकड़े जाने पर उसने अपने परिवार की ~~[illegible]~~ धूल उड़ा दी।

22. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) भेड़ की लात घुटने तक
(ii) घर के पीरों को तेल का मलीदा

(i) पाकिस्तान भले ही हमसे मुकाबला करना चाहे पर उसकी सीमित अर्थव्यवस्था के कारण ~~उसकी~~ उसके ~~प्रयास~~ प्रयास भेड़ की लात घुटने तक के समान है।

(ii) विदेशी पर्यटक की लोग खूब मेहमानवाजी करते हैं लेकिन देशी पर्यटकों की नहीं। यह तो घर के पीरों के तेल का मलीदा के समान है।

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
(ii) नानी कुँआरी मर गयी, नवासे के नौ–नौ ब्याह।

(i) प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बेहतर रिश्ते ओछे की प्रीत और बालू की भीत के समान है।

(ii) पिता के खाने के लाले पड़ रहे हैं वहीं बेटा 'पाँच सितारा' होटल में ठहर रहा है यह तो नानी कुँआरी मर गई, नवासे के नौ–नौ ब्याह के समान है

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-21)

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-22)

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-23)

24. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) JUDICIAL ENQUIRY (ii) RANDOM

(i) न्यायिक जाँच

(ii) यादृच्छिक

2(Two)
(Q.Unit-I-A-24)

25. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –

(i) TRANSCRIPTION (ii) OVERSIGHT

(i) अनुलेखन

(ii) निगरानी

1(One)
(Q.Unit-I-A-25)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए –

साहित्य और वाङ्मय से जो कुछ हमें प्राप्त होता है वह मानसिक समृद्धि है, मानसिक स्वास्थ्य है, मानसिक संस्कृति है। साहित्य हमारे मन की निरंतर चिकित्सा करता रहता है, निरंतर कर्षित–परिष्कृत करता रहता है और उसमें निरंतर प्राणबीज उगाता रहता है। हमारी सारी सप्राणता को जाग्रत और चिर युवा रखना या उसे क्षयग्रस्त–कामलुब्ध विकल रखना, दोनों की क्षमता साहित्य और वाङ्मय के पास है। इसका सदुपयोग हो तो यह एक अपूर्व मानसिक चिकित्सा है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानो ऋतंभर मानस–ज्योतियों को तैल–समर्पण है। साहित्य और वाङ्मय एक मानसिक ऋद्धि के स्त्रोत हैं। युग के हृदय में तह पर बैठी निराशा के भीतर पॉल वालेरी ने गहराई से उतर कर देखा था। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा है, "वाङ्मय एवं वाङ्मय के पंडितों की नियति कोई मामूली प्रश्न नहीं, क्योंकि इस 'नियति' से जुड़ी है संपूर्ण मनुष्य जाति के मन की 'नियति'। साहित्य और वाङ्मय के तिरस्कार का सीधा अर्थ होगा मनुष्य के मन का तिरस्कार और फलतः एक अपमानवीकरण।

साहित्य, वाङ्मय और मानवीकरण।

साहित्य एवं वाङ्मय मानसिक चिकित्सा एवं समृद्धि के स्रोत हैं। यह दोनों मानव जाति को युवा एवं ऊर्जावान रखते हैं। श्रेष्ठ साहित्य जहाँ मनुष्य में निराशा को दूरकर आशा को जन्म देते हैं, वहीं विकृत साहित्य मानवता का ह्रास करते हैं। साहित्य तथा वाङ्मय मानवीकरण के ध्वजवाहक हैं तथा सदुपयोग के हकदार।

(52 शब्द)

0 (Zero)
(Q.Unit-I-B-1)

2(Two)
(Q.Unit-I-B-1)

2. निम्नांकित पंक्ति का भाव–विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10
'हिंसा बुरी चीज़ है पर दासता उससे भी बुरी है।'

"तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा" सुभाष चन्द्र बोस के यह कथन आजादी के महत्व तथा उसके लिए बलिदान की आवश्यकता पर बल देते हैं।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने न्याय की प्राप्ति के लिए अर्जुन से धर्मयुद्ध के लिए उठ खड़े होने की सीख दी थी। दासता से मुकाबला यही धर्मयुद्ध है जिसके लिए लड़ना अर्थात् हिंसा करना न्यायोचित बताया गया है। इसी प्रकार हमारे स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की पुकार उसी न्याय की प्राप्ति के लिए बलिदान माँग रही थी। भगत सिंह, सुखदेव एवं चन्द्रशेखर आजाद कहते थे कि अँग्रेजों की दासता से मुक्त होने के लिए युद्ध करना पड़े तो भी मंजूर है।

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने पराधीनता स्वीकार करने के बजाय युद्ध के मैदान में उतरना उचित समझा और उन्होंने आह्वान किया–

" मैं अपनी झाँसी नहीं दूंगी "
यह त्याग एवं बलिदान की भावना इसी बात का सँदेश देती है कि दासता मुक्त होने के लिए न्यायोचित हिंसा करना स्वीकार्य है। यही भगवान श्रीकृष्ण की नीति है, यही गीता का सार है।

4.5(Four½)
(Q.Unit-I-B-2)

3. जिला कलेक्टर, जैसलमेर की ओर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार को एक पत्र लिखें, जिसमें जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर–संयंत्र विषयक विवरण हो। अंक 10

कार्यालयी पत्र

राजस्थान सरकार
कार्यलय जिला कलेक्टर
जैसलमेर, जिला - जैसलमेर

क्र. प्रप्रा/जि.क.का./वि./2022/303 दिनांक: 20 मार्च, 2022

प्रमुख शासन सचिव
ऊर्जा विभाग
शासन सचिवालय
जयपुर।

विषय: फतेहगढ़ सोलर - संयंत्र की प्रगति रिपोर्ट।
संदर्भ: ऊर्जा विभाग का पत्र क्रमांक 203/2022
दिनांक 15 मार्च 2022।

महोदय,

निवेदन है कि आपके उपर्युक्त पत्र क्रमांक की अनुपालना में मांगी गई जानकारी विद्युत विभाग से प्राप्त हो चुकी है। फतेहगढ़ सोलर-संयंत्र की ~~की~~ प्रगति हेतु मांगी गई सूचना निम्नप्रकार है: —

1. सोलर संयंत्र का 70% प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

2. भूमि अधिग्रहण का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।

3. प्रसारण निगम को ट्रांसमिशन लाइन बिछाने हेतु निर्देश दिए जा चुके है।

4. सभी किसानो का बकाया मुआवजा दिया जा चुका है।

कार्य प्रगति जोरों पर है तथा जून 2022 के प्रथम सप्ताह तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। किसी अन्य जानकारी के लिए निःसंकोच निवेदन करें।

सादर।

क ख ग
(क ख ग)
जिला कलेक्टर

क्र.-15/जि.क.का/वि./2022/304-306 दिनांक : 20 मार्च 2022

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार।
2. संभागीय आयुक्त, जोधपुर संभाग।
3. रक्षित पत्रावली

क ख ग
(क ख ग)
जिला कलेक्टर

6(Six)
(Q.Unit-I-B-3)

4. नगर विकास न्यास, भरतपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनवाने के लिए निविदा सूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

अंक 10

राजस्थान सरकार
नगर विकास न्यास
भरतपुर, जिला - भरतपुर

पत्रां° 15/ न.वि.न./ लेखा/ 2022

दिनांक : 20 मार्च, 2022

निविदा सूचना संख्या - 03/2022

अधिकृत विनिर्माताओं से सेवर पुलिया के कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है

| क्र॰ सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 4. | सेवर पुलिया 500 मीटर | 1 करोड़ रुपये | 2 लाख रुपये | 1 वर्ष |

इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in से निविदा प्रपत्र 1000 रु॰ के शुल्क के साथ प्राप्त कर सकते हैं।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च प्रातः 11 बजे तक रखी है।

निविदाएँ समस्त निविदा दाताओं के समक्ष
30 मार्च सांय 5 बजे खोली जाएगी।

शर्ते . 1. किसी भी स्तर पर निविदा स्वीकृत
अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार
अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
2. किसी विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र
भरतपुर जिला न्यायालय होगा।
3. शर्ते विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

?
अधिशासी अभियंता

5.5(Five½)
(Q.Unit-I-B-4)

5. दिए गए अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए –

अंक 10

A language is something infinitely greater than grammar and philology. It is the poetic testament of the genius of a race and a culture and the living embodiment of the thoughts and fancies that have moulded them. Words change their meaning from age to age and old ideas transform themselves into new, often keeping their attire. It is difficult to capture the meaning, much less the spirit, of an old word or phrase.

एक भाषा व्याकरण तथा लेखन से कहीं अनन्त महान है। यह एक जाति तथा संस्कृति का कविता रूप है तथा विचारों तथा कल्पनाओं का जीता-जागता प्रमाण है जो भाषा में समा गए हैं। शब्द एक कालखंड से दुसरे कालखंड में अपने अर्थ बदलते हैं, पुराने विचार नये विचारों में रूपांतरित होते हैं लेकिन अपना मूलरूप लेकर। किसी पुराने शब्द अथवा उक्ति का अर्थ अथवा भावना समझना कठिन है।

5(Five)
(Q.Unit-I-B-5)

## Part – C
## भाग – स

Marks : 20
अंक : 20

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए –
अंक : 20

(1) राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव
(2) सोशल मीडिया बनाम निजता
(3) प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग : दशा और दिशा

सोशल मीडिया बनाम निजता

" हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हूँ; परन्तु विचार प्रकट करने के आपके अधिकार की रक्षा करूँगा — वाल्तेयर "

महान दार्शनिक वाल्लेयर का यह कथन आज के सोशल मीडिया के जमाने में और प्रासंगिक हो गया है। निजता के अधिकार से विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता की टकराहट आज के लोकतंत्र में एक चुनौती बनकर सामने आई है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति पुट्टास्वामी एवं अन्य बनाम भारत सरकार के वाद में निजता के अधिकार को अनुच्छेद 21 का भाग माना है।

सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव : आज के दौर मे फेसबुक, ट्वीटर जैसे सोशल मीडिया हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। हम अपनी दिनचर्या का हर भाग इन्स्टाग्राम पर डालना चाहते है चाहे वह तस्वीर हो या विचार। राजनीतिक बहस के लिए यह माध्यम सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरा है।

निजता के अधिकार का महत्व : भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 "जीवन जीने तथा सम्मान" के अधिकार के तहत यह मौलिक अधिकार है। मानव समाज में हम हमारी कई बातों, निजी रिश्तों में निजता चाहते हैं।

बोलने की आजादी बनाम निजता : एक ओर जहां संविधान सोशल मीडिया पर बोलने का अधिकार (अनुच्छेद -19) देता है वही अनुच्छेद 19(2) में उसपर आंशिक प्रतिबंध भी लगाता है। किसी अन्य की भावना को ठेस पहुचाँना, मानहानि, अदालत की अवमानना जैसे प्रतिबंध है।

भारत सरकार के कदम :

(क) सरकार ने IT कानून के तहत कई प्रावधान किए है।

(ख) IT नियम 2021 के अनुसार सोशल मीडिया कंपनियों को 24 घंटे के भीतर निजी जानकारी हटानी होगी।

(ग) एक मंत्रालयिक निगरानी समिति का गठन

(घ) साइबर अपराध मुक्त भारत अभियान।

**दोनों में समन्वय एवं आगे की राह :-**

सोशल मीडिया पर अपने विचार तथा फोटो साझा करने का अधिकार, किसी अन्य की निजता को भंग नहीं कर सकता। हमें एक ऐसे तंत्र की आवश्यकता है जो निजता का उल्लंघन करने वाली सोशल मीडिया सामग्री को तुरंत हटाएं। माननीय उच्चतम न्यायलय के निर्देशानुसार भारत सरकार डाटा संरक्षक कानून ला रही है जो अभी संयुक्त संसदीय समिति के विचाराधीन है। यह कानून दोनों अधिकारो में उचित सामन्जस्य का कार्य करेगा।

संविधान की मूल भावना के अनुसार
ही एक सामाजिक न्यायपूर्ण राष्ट्र का
निर्माण हो सकेगा एवं मूल अधिकारों
तथा मूल कर्तव्यों में उचित संतुलन
बन सकेगा।

"आपके अधिकारों की सीमा वहाँ समाप्त
हो जाती है जहाँ दूसरे की नाक
बीच में आ जाती है।"

11(Eleven)
(Q.Unit-I-C-1)

Paper-IV



(Unit – II)
(यूनिट – II)

**General English**

(80 Marks)
(80 अंक)

**Part – A**

Marks : 20

**Note:** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. **1-10**)

**Marks : 10**

1. Italy is an European country.

Italy is a European country.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-1)

2. Ramesh Gupta is a M.B.B.S.

Ramesh Gupta is an M.B.B.S.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-2)

3. The island was uninhabited except of sheep.

The island was uninhabited except a few sheeps.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-3)

4. Divide the money between you all.

Divide the money among you all.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-4)

*Paper-IV*

(B) Choose the word similar in meaning (Q. No. **11-12**) **2×1**

11. Insolent

rude/polite

rude

1(One)

(Q.Unit-II-A-B-11)

12. Endorse

discredit/approve

approve

1(One)

(Q.Unit-II-A-B-12)

(C) Choose the word opposite in meaning (Q. No. **13-14**) **2×1**

13. Discreet

prudent/obtrusive

~~prud~~ prudent ×

0 (Zero)

(Q.Unit-II-A-C-13)

14. Deft

expert/amateur

Expert ×

0 (Zero)

(Q.Unit-II-A-C-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence (Q. No. **15-16**) **2 × 1**

15. The army got discouraged and gave in/gave upon before the opponents.

The army got discouraged and gave in before the opponents.

1(One)
(Q.Unit-II-A-D-15)

16. I am going to have a catnap/dognap while you are cooking lunch.

I am going to have a dog nap while you are cooking lunch.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-D-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences (Q. No. **17-18**) **2 × 1**

17. He was sitting besides/beside me when I was eating the cake.

He was sitting ~~besides~~ beside me when I was eating the cake.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-17)

18. He was confidant/confident that he would clear his exam.

He was confident that he would clear his exam.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-18)

(F) Write a one-word substitute for the following expressions (Q. No. 19-20) 2×1

19. A diplomatic representative of a country to another country.

Ambassador

1(One)
(Q.Unit-II-A-F-19)

20. Showing independence in thoughts or actions.

~~Unbiased~~ / Freedom of will

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-F-20)

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow – (Q. No. 21-25)

**Mark : 5 × 2 = 10**

The thoughtless, the ignorant and the indolent seeing only the apparent effect of things and not the things themselves talk of luck of fortunes and chance.

Seeing a man grow rich they say "How lucky he is!" Observing another become intellectual they exclaim, "How highly favoured he is!" And noting the saintly character and wide influence of someone else they remark, "How chance aids him at every turn!" They do not see the trials and failures and struggles which these men have voluntarily encountered in order to gain their experience, have no knowledge of the sacrifices they have made, of the undaunted efforts they have put forth, of the faith they have exercised that they might overcome the apparently insurmountable and realise the vision of their heart. They do not know the darkness and the heartaches, they only see the light and joy; do not see the long and arduous journey but only behold the pleasant goal and call it "good fortune"; do not understand the process but only perceive the results and call it "chance".

In all human affairs there are efforts and there are results and the strength of effort is the measure of the result. Chance is not. Gifts, powers, material, intellectual and spiritual possessions are the fruits of effort – they are thoughts completed, objects accomplished, visions realized.

21. Which people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance?

People who are ignorant, thoughtless and who do not understand the process, efforts and journey talk of luck, fortune and chance.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-A-21)

22. When do such people consider luck and chance to favour an individual?

When someone become rich by efforts or become respected intellectual then these people consider it luck or chance to favour respectively.

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-B-A-22)

23. What is needed to realize the vision of the heart?

Constant efforts, undaunted and consistent journey, encountering failures, having faith in themselves is needed to realize the vision of the heart.

1(One)
(Q.Unit-II-B-A-23)

24. What is the connection between efforts and results as stated in the passage?

There is direct corelation between efforts and results. More the efforts will be, more fruitful and bigger result will be.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-24)

25. Find a word in the passage that has the same meaning as the following:

Not intimidated or discouraged by difficulty, danger or disappointed.

Undaunted

2(Two)
(Q.Unit-II-B-A-25)

(B) Translate the following sentences into English (Q. No. 26-30) **Marks 5 × 2 = 10**

26. बाल अपचारियों के पुनर्वसन के लिए सक्रिय न्यायिक एवं सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

There is a need of active Judicial and social efforts for rehabilitation of Juveniles (Minor accused).

1.75(One¾)
(Q.Unit-II-B-B-26)

27. मैं अब भी तुम्हारे साथ होने से ज्यादा खुश होना नहीं जानता।

I am happiest when I am with you.

or

I still do not know to be ~~more~~ more ~~happy~~ happy than being with you.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-B-27)

28. उत्तर पुस्तिका में यथासंभव संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग ना करें व पूर्णरूप लिखें।

As far as possible Do not use abreviations in the answer sheet and write completely.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-B-28)

29. कवि ने उर्मिला के चरित्र में एक स्त्री के दर्द एवं विरह की वेदना को बहुत सुन्दरता से ऊकेरा है।

The poet has very beautifully expressed pain and emotions of being far of a women in the ~~Urmila~~ character of Urmila.

1(One)
(Q.Unit-II-B-B-29)

30. विद्यार्थियों के असंतोष से उत्पन्न अनुशासनहीनता का कारण उनकी यह भावना है कि उनके विचारों और आकांक्षाओं की बहुधा उपेक्षा की जाती है।

Undiscipline arising out of unsatisfaction of students is due to their feeling that their ideas and dreams are being ignored badly.

1(One)
(Q.Unit-II-B-B-30)

(C) Make a precis of the following passage in about one-third of its length. **Marks 10**

31. We have heard about the term 'Cryptocurrency' which is blooming in the investment market today. This digital currency is taking the world to a new direction. According to a market research company more than 13,000 different cryptocurrencies exist in the world - to mention

a few names – Bitcoin, Ethereum, Cardano, Tether and the likes of them. Different countries have their different opinions on cryptocurrency. What exactly is cryptocurrency? It is a virtual currency which means it does not exist physically like other currencies. The word crypto currency is actually derived from the technique which is used to encrypt the network. One needs a 'wallet' an online app to hold the currency. There are two ways to gain it - by online investing or by mining cryptocurrency. Various countries have accepted cryptocurrency as legal tender, others have banned it. The rules for cryptocurrency are not very clear in India but talks are underway to recognize it.

" Cryptocurrency : An emerging Trend "

Crypto currency is an emerging trend and is providing new direction to investment market. More than 13,000 types of it like – Bitcoin, ethereum are there. This virtual currency is intangible asset based on encrypted technology which can held in a wallet. Some countries have recognised it while india is deliberating on it.

( 62 words )

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-B-C-31)

## Part – C

**Marks : 30**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words. **Marks 10**

1. The 'Work-from-Home' culture
2. Freedom of Speech and Democracy
3. Impact of Modern Technology on Farming

Freedom of speech and Democracy

Freedom fighter of India "Bal Gangadhar Tilak" had said that " swaraj is my ~~bor~~ right and I will take it". The actual meaning of this swaraj was having independence

in thought, speech and expression. post Independence our constitution on 26th January 1950 recognised the freedom of speech as a fundamental right as part of Article-19. This freedom of speech is a hall mark of democracy. Being the largest democracy of the world India takes pride in it fundamental rights. However the constitution also talk about reasonable restrictions on freedom of speech in article 19 (2). The balance between freedom of speech and hurting someone's sentiments with the same speech is very essential. This challange of balancing both have been rightly explained by supreme court of India in Shreya v/s Union of India case on IT Act 2000. Freedom of speech is used in electoral democracy to reach out to public and ask for the votes.

With the emergence of social media platform like twitter, facebook this debate has entensified more. Role of social media in affecting the electoral behaviour is not new. Since president's election in 2016 (USA) it has came into notice. There cannot be any doubt that freedom of speech forms the backbone of democracy but some reasonable restrictions such as defamation, Contempt of court, public order, hurting someone else sentiments has to taken Care of.

3.5(Three½)
(Q.Unit-II-C-32)

33. Elaborate any one of the following themes in approximately **150** words. **Marks 10**

1. Child is the father of man.
2. Sweet are the uses of adversity.
3. No man should be condemned unheard.

No man should be condemned unheared

" Every coin has two sides of it ". As said by someone every story has more than one perspective based on interpretation made No one should be judged on punished

without giving proper chance to tell his/her side of story. Even in our judiciary "every accused is treated innocent untill proven guilty."

In Jainism there is a concept of "syadvaad" and "Anekantvadd". That says that there is more to everything what you see. Mahatma Gandhi while practising "Satya" and "Ahimsa" believed that every soul is pure and can be changed with help of "Satyagrah". In any judicial enquiry lawyer is provided to even terrorist to ensure that they are heared. for eg: Ajmal Kasab was also heared in Bombay Blast case.

Therefore before giving any direct Judgment without knowing complete facts and listening to other side of story is a bad practice. everyman deserve to get chance of explaining his stand and his side of story.

So it is advised that before condeming any-one he/she should be heared properly.

5(Five)
(Q.Unit-II-C-33)

34. Write a letter to the Joint Secretary, Department of Labour Welfare drawing attention to the govt. policy regarding 'no work no pay' complaining about the bank employees who went on strike on 20th, 21st & 22nd, January. (150 words) **Marks 10**

**OR**

Write a report on the research you have done on 'Industrial Waste Disposal' in your city in about **150** words.

Letter

123, XYZ

Jaipur.

March 21, 2022

The Joint secretary
Department of Labour welfare
Jaipur.

Subject: Regarding poor implementation of "no work no pay" policy

Respected sir,

I would like to draw your kind attention towards recent bank strike on 20th, 21th, 22nd January by bank employees. Sir as you know government had notified "no work no pay" policy last year to discourage the strike culture in government sector. These strikes not only waste public money but also cause serious discomfort to citizens.

Several old age people, women had to return home without finishing their work pending in the bank.

I would like to appeal to you that proper action should be taken against bank employees for violating policy rule.

Also would request you to form a committee to study loopholes in the policy implementation.

Looking for a positive action soon.

Thanking you.

Yours sincerely

XYZ

5(Five)

(Q.Unit-II-C-34)